भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

26.06.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 662 का उत्तर

रेलवे में महिलाओं को रोजगार

662. डॉ॰ हिना विजयकुमार गावीतः
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः
श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरेः
डॉ॰ अमोल रामसिंह कोल्हेः
डॉ॰ सुभाष रामराव भामरेः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उन महिला उम्मीदवारों की संख्या कितनी है, जिन्हें गत तीन वर्षों में भारतीय रेलवे में, विशेष रूप से तकनीकी श्रेणी में रोजगार दिया गया है;

(ख) क्या तकनीकी श्रेणी में नौकरियों के लिए आवेदन करने वाली महिलाओं की संख्या पुरुषों की तुलना में बहुत कम है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार उन महिला उम्मीदवारों को कोई वरीयता दे रही है जो तकनीकी श्रेणी में रेलवे के लिए आवेदन कर रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने तकनीकी श्रेणी में रेलवे में शामिल होने वाली अधिक से अधिक महिलाओं को देखते हुए रेलवे में प्रचलित विषम कार्यदशा को सुधारने के लिए कोई कदम उठाया है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) रेलवे में महिलाओं के रोजगार को बढ़ाने के लिए उठाए जा रहे अन्य कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (च): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

sk

रेलवे में महिलाओं को रोजगार के संबंध में 26.06.2019 को लोक सभा में डॉ॰ हिना विजयकुमार गावीत, श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले, श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे, डॉ॰ अमोल रामसिंह कोल्हे और डॉ॰ सुभाष रामराव भामरे के अतारांकित प्रश्न सं. 662 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): गत तीन वर्ष में भारतीय रेल में तकनीकी कोटियों में लगभग 3650 महिला उम्मीदवारों को रोजगार दिया गया है।

(ख): विगत कुछ वर्षों में विभिन्न तकनीकी पदों के लिए जारी की गई अधिसूचना के प्रत्युत्तर में कुल 2,79,60,224 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे और इनमें से 46,76,928 (16.73%) महिलाओं के आवेदन पत्र के रेलभर्ती अधिसूचनाओं का व्यापक प्रचार किया जाता है और प्रत्येक उम्मीदवार बिना किसी जेंडर भेदभाव के जो पात्रता संबंधी मानदंड को पूरा करते हैं। आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं।

(ग): जी हां। जिन महिला उम्मीदवारों ने परीक्षा में भाग लिया उनसे एकत्रित आवेदन फीस का उन्हें वापस भुगतान कर दिया जाता है। इसके अलावा, विधवा, तलाकशुदा महिलाओं और अपने पति से कानूनी रूप से अलग रहने वाली महिलाओं जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है, के मामले में अधिकतम आयु सीमा में 35 वर्ष तक की छूट दी जाती है। इसके अतिरिक्त, लेवल-I कोटियों के लिए महिला उम्मीदवारों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा के रियायती अर्हक मानक लागू किए जाते हैं।

(घ) और (ङ): जी हां। महिला कर्मचारियों के लिए सुरक्षित कार्य स्थितियां सुनिश्चित करने के लिए अलग विश्राम कक्ष, अमानती समान घर, चेंजिंग रूम और क्रैच की व्यवस्था भी की गई है।

(च): रेलवे की नौकरियों के लिए आवेदन करने के लिए महिला उम्मीदवारों को प्रोत्साहित करने हेतु रेल भर्ती अधिसूचनाओं का व्यापक प्रचार किया जाता है। ऑनलाइन आवेदन की सुविधा से यह सुनिश्चित होता है कि महिलाएं रेल भर्ती अधिसूचनाओं के प्रत्युत्तर में अपने घर से भी आवेदन कर सकती हैं।

******

sk